कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website - www.bcspgcdmt.com
E-mail - pgcollege.dhamtari@gmail.com
AISHE CODE: C-21763
दूरभाष– 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

दिनांक 16/06/2022

सेमेस्टर परीक्षा (मई/जून) 2022
उत्तर पुस्तिका जमा करने संबंधी सूचना

परीक्षा केन्द्र क्रमांक 401-बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी के सेमेस्टर परीक्षा (मई/जून) 2022 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि उत्तर पुस्तिका परीक्षा केन्द्र में जमा करते समय निम्नलिखित निर्देशों एवं सूचनाओं का यथावत् पालन करना आवश्यक है:-

01. परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र द्वारा प्रदत्त उत्तर पुस्तिका में ही उत्तर लिखेंगे। मुख्य उत्तर पुस्तिका के साथ किसी भी प्रकार की अन्य पूरक उत्तर पुस्तिका संलग्न नहीं करें, अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका स्वीकार नहीं की जाएगी।

02. परीक्षार्थी उत्तर पुस्तिका परीक्षा केन्द्र द्वारा निर्धारित कक्षा व काउण्टर में ही जमा करें कक्षावार निर्धारित काउण्टर एवं कक्ष कमांक की सूचना हेतु महाविद्यालय के वेबसाईट एवं महाविद्यालय के सूचना पटल का अवलोकन करें।

03. परीक्षार्थी उत्तर पुस्तिका में दी गई समस्त प्रविष्टियाँ सावधानीपूर्वक एवं स्पष्ट रूप से बॉल पेन (काली अथवा नीली स्याही) से ही अनिवार्यतः भरे।

04. परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में स्वयं उपस्थित होकर उत्तर पुस्तिका जमा करें परीक्षार्थी के अलावा अन्य किसी से भी उत्तर पुस्तिका स्वीकार नहीं की जाएगी।

05. परीक्षार्थी लिखित उत्तर पुस्तिका जमा करते समय उपस्थिति पत्रक में अपना हस्ताक्षर अवश्य करें परीक्षार्थी का हस्ताक्षर प्रवेश पत्र, उत्तर पुस्तिका एवं उपस्थिति पत्रक में एक समान होना अनिवार्य है।

06. परीक्षार्थी उत्तर पुस्तिका जमा करते समय यह सुनिश्चित करले कि उत्तर पुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर उनके द्वारा लघु हस्ताक्षर एवं उत्तर पुस्तिका के अंतिम लिखित पृष्ठ पर पूर्ण हस्ताक्षर कर दिये है।

07. परीक्षार्थी महाविद्यालय में लिखित उत्तर पुस्तिका को परीक्षा दिवस को अपरान्ह 03:00 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा करें। अपरान्ह 03 बजे के वाद उत्तर पुस्तिका स्वीकार नहीं की जाएगी।

08. उत्तर पुस्तिका निर्धारित दिवस एवं समय पर जमा नहीं करने की स्थिति में परीक्षार्थी को अनुपस्थित माना जाएगा।

09. परीक्षार्थी उत्तर पुस्तिका जमा करते समय केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा कोविड-19 वायरस को रोकने हेतु जारी गाइड लाईन का पालन अवश्य करें।

(डॉ.श्रीदेवी चौबे)
प्र.प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)

Scanned with CamScanner